# भ्रूण हत्या केस में पुणे से पकड़ी गई डॉ. चारू तिवारी

- कोर्ट में हंगामे के बीच जेल
- पत्रकार ब्लैकमेलिंग कांड की फरियादी है डॉ.तिवारी



**देवास।** चर्चित कन्या भ्रूण हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए श्रीराम अस्पताल की संचालिका डॉ. चारू तिवारी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार देर रात हुई कार्रवाई के बाद गुरुवार को उन्हें देवास लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मामले की शुरुआत कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित लेन-देन और बातचीत के वीडियो से हुई, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस हरकत में आई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण दर्ज होते ही वे फरार हो गई थीं और उनकी अग्रिम जमानत याचिका भी न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन ट्रेसिंग के जरिए उनकी तलाश तेज की और पुणे में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद गुरुवार अलसुबह उन्हें देवास लाया गया।

**पेशी के दौरान माहौल तनावपूर्ण**

न्यायालय में पेशी के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। महिला अधिवक्ताओं सहित कई वकीलों ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए नारेबाजी की। उनका कहना था कि भ्रूण हत्या जैसा गंभीर अपराध करने वाले आरोपी को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने इस मामले में शामिल अन्य लोगों और संबंधित डॉक्टरों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

इस गिरफ्तारी के बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया है। अब जांच का दायरा बढ़ने और अन्य संलिप्त लोगों पर भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# 'कांडों की परतें' एक के बाद एक घोटालों से डोलता सिस्टम

- कई मामले कोर्ट में

**देवास।** जिले में शासकीय विभागों में सामने आ रहे लगातार घोटालों और वित्तीय अनियमितताओं ने प्रशासनिक व्यवस्था की साख पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालात यह हैं कि एक के बाद एक विभागों में कांडों की परतें खुलती जा रही हैं और कई मामले न्यायालय तक पहुंच चुके हैं।

सबसे बड़ा मामला स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा हुआ है, जहां करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों सहित करीब दस लोगों के खिलाफ प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। कृषि विभाग के अधीन भूमि संरक्षण विभाग भी आरोपों से अछूता नहीं है। यहां विभाग के ही एक जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा लाखों रुपये की गड़बड़ी कर विभाग की छवि को धूमिल किया गया है।

आदिम-जाति कल्याण विभाग में भी स्थिति चिंताजनक है। तीन करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितताओं के मामले में जिले के अधिकांश छात्रावास अधीक्षकों के खिलाफ लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज हैं, जिससे पूरे विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

सामाजिक न्याय विभाग में दिव्यांग और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को मिलने वाली पेंशन में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। करीब 80 लाख रुपये की राशि को अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने रिश्तेदारों के खातों में स्थानांतरित करने की कोशिश किए जाने के आरोप हैं।

चिकित्सा क्षेत्र में एक अन्य चर्चित प्रकरण में कन्या भ्रूण परीक्षण और अवैध गर्भपात के आरोपों में डॉक्टर चारू तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। इस मामले में ब्लैकमेलिंग से जुड़े कुछ आरोपी पहले से ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

शिक्षा विभाग, जिसे सबसे पवित्र माना जाता है, वह भी अनियमितताओं के दाग से अछूता नहीं रहा। जिला शिक्षा अधिकारी स्तर तक वित्तीय गड़बड़ियों के संकेत मिलने से विभाग की छवि प्रभावित हुई है।

> इधर, कलेक्टर कार्यालय के अधीनस्थ कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। विभाग के भीतर ही व्यवस्था को कमजोर करने और अनियमितताओं को बढ़ावा देने की बातें सामने आ रही हैं। लगातार उजागर हो रहे इन मामलों ने यह बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतने लंबे समय तक ये गड़बड़ियां कैसे चलती रहीं और जिम्मेदारों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## एक नजर में

### नवाअंकुर संस्था द्वारा प्याऊ का शुभारंभ

**देवास।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्था एस जै वाय एम द्वारा माता मंदिर शक्ति स्थल पीपल चौक सुंदैल अटल आश्रम पर जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया सुंदैल मलजीपुरा मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले राहगीरों को इससे पानी पीने की सुविधा मिलेगी साथ ही माता मंदिर पर दर्शनार्थियों को भी गर्मी के दिनों में पानी पी सकेंगे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक नीरज द्विवेदी एवं नवा अंकुर संस्था के पवन हिंदू ने बताया कि कन्नौद विकासखंड के सभी सेक्टरों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया जा रहा है साथ ही जल से जुड़े जल स्रोतों पर कुवै बावड़ी ट्यूबवेल हेड पंप नदी नालों की साफ सफाई कर पुनर्जीवित किया जा रहा है इस जल गंगा संवर्धन अभियान में कन्नौद विकासखंड की सभी प्रस्फुटन समितियां नवा अंकुर संस्थाएं मेंटर्स स्टूडेंट निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### नरेन्द्र एवं सूर्यांश ने बढ़ाया नगर का मान

**भौरासा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा के छात्र कक्षा 10 वीं के छात्र नरेंद्र यादव ने 88 प्रतिशत अंक एवं कक्षा 12 वीं के छात्र सूर्यांश माली ने 82 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं भौरास नगर का नाम रोशन किया है इस वर्ष विद्यालय से पांच छात्रों के अंक 75 प्रतिशत से अधिक होने पर लैपटॉप के लिए पात्र होंगे विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम क्रमश 70, 37 प्रतिशत एव 83 प्रतिशत रहा कक्षा दसवीं में 27 छात्रों में से 19 छात्र सफल रहे जो 12 प्रथम श्रेणी एवं 07 छात्र द्वितीय श्रेणी में रहे इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में 41 छात्रों में से 34 छात्र सफल रहे 21 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 13 छात्र द्वितीय श्रेणी में रहे परीक्षा परिणाम बेहतर रहने पर विद्यालय स्टाफ एवं प्राचार्य डॉ राजेंद्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त किया व छात्रों को मिठाई वितरण कर बधाई प्रेषित के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### रिद्धिमा, निवेदिता ने किया नगर का नाम रोशन

**भौरासा।** माशिमं द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वीं में एक निजी स्कूल की छात्रा कु , रिद्धिमा पिता शांतिलाल कुमावत ने 80त्न प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा दसवीं में निजी स्कूल की छात्रा निवेदिता पिता शांतिलाल कुमावत ने कक्षा 10 वीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही अपने स्कूल व शिक्षक एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया वहीं उनकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं इन्हें इनके इष्ट मित्रों ने बधाई दी है इस अवसर पर दशरथ धाकड़, दिनेश यादव, ब्रजमोहन राठौर ,भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, निक्की नामदेव, चेतन यादव, राजेंद्र यादव, संतोष जायसवाल, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी , प्रमोद पालीवाल, सहित आदि लोगों ने इन्हें बधाई दी है

### टीबी मुक्त भारत के लिए रैली निकाली

**बागली।** कैलाश जोशी शासकीय महाविद्यालय बागली स्वास्थ विभाग द्वारा 100 दिवसीय निक्षय शिविर के दौरान आईइसी एक्टिविटी की गई, साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को टीबी के बारे में जानकारी दी, ओर रेली निकाल कर जन जागृति की इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने भारत को टीबी मुक्त किस प्रकार बनाई जाए इस पर जानकारी साझा की।

# सतपुड़ा एकेडमी ने रचा शत-प्रतिशत सफलता का इतिहास

**देवास।** मक्सी रोड पर तुलजा विहार कॉलोनी स्थित सतपुड़ा एकेडमी के विद्यार्थियों ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और संकल्प के साथ न केवल उत्तीर्णता प्राप्त की, बल्कि उच्च अंक अर्जित कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। कक्षा 10वीं के विद्यार्थी राज तलाविया ने 94, चक्षु पटेल 92, सानिध्य सेंधव 92, संध्या पंवार 91, जाह्नवी चौहान 89, देवेंश डोडिया 88, नंदिनी ठाकुर 88, ऋषिका मुकाती 85, गगन चौहान 84, इशिका तंवर 84, गौरव वरवड़े 83, मोहितसिंह राजपूत 83, रुचिका गौड़ 83, अर्पिता गौड़ 82, आयुष शर्मा 82, खुशी वर्मा 82, पुष्पराजसिंह परिहार 82, विद्या नागर 82, गंगेश जोशी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रवीण्य सूची में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। छात्र सानिध्य सेंधव ने सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम के साथ विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर वैभव विहार शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव, संस्था संचालक भानुप्रतापसिंह सेंधव, प्राचार्य वी.एस. जाब एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# ज्ञान सागर एकेडमी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




**देवास।** विद्यालय ज्ञान सागर एकेडमी के विद्यार्थियों ने इस वर्ष परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस शानदार उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

इस वर्ष के परिणामों में विशेष रूप से विद्यालय के छात्र शौर्य राजपूत ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्वित किया है। विद्यालय द्वारा जारी परिणामों के अनुसार, कुल 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 16 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। इसके अलावा 10 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत तथा 13 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की प्राचार्या किरन सिंह ने कहा कि, विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# अजाक्स ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर की जयंती



**देवास।** म प्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला देवास द्वारा महिला शक्ति डॉ रश्मि पांडेकर एवं सीमा चौहान के नेतृव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया सभी ने बाबा साहब द्वारा दिये गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हेमराज गोखले का उपस्थित साथियों द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा महासचिव महेश विरोलिया प्रांतीय सचिव रमेश चन्द्र चंगेसिया सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बगड़िया का आभार माना। जिलाध्यक्ष गोखले द्वारा शीघ्र ही कार्यकारिणी बनाने की घोषना की गई एवं जिले में अजाक्स का महासम्मेलन करने पर चर्चा की गई। जगदीश मालवीय, देवकरण सोलंकी, हीरालाल चक्रवर्ती, शिवचरण अंगोरिया, महेश झरोखा, विक्रम अंगोरिया, राजेन्द्र सूर्यवंशी, कमल चंद्रवंशी, दिलीप सिंह बारिया, राकेश चौहान, राजेश चक्रवर्ती, महेश पांडे, प्रकाश चौहान आदि थे7

# कलेक्टर ने हथौड़े के माध्यम से निर्माणाधीन आईटीआई भवन की गुणवत्ता को जांचा

- शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने देवास शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में निमार्णाधीन सिंथेटिक ट्रेक का निरीक्षण किया।

कलेक्टर सिंह ने ट्रैक की गुणवत्ता का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुसार किया जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने सिंथेटिक ट्रैक के मध्य बनने वाले फुटबाल ग्राउण्ड के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने वीर सावरकर तरण पुष्कर स्वीमिंग पूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूल एवं परिसर की स्वच्छता के संबंध में संबंधितों को निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण कर कोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि कोर्ट में बडे स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा सकता है, जिससे जिले के खिलाड़ी उभर कर निकलें तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला योजना कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जिला योजना अधिकारी अर्चना टोकेकर को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माणाधीन आईटीआई भवन का निरीक्षण कर लेआउट के माध्यम से संबंधित इंजीनियरों से निर्माणाधीन आईटीआई भवन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की लेब रिपोर्ट का अवलोकन किया एवं हथौड़े के माध्यम से भवन की दीवारों की गुणवत्ता की जांच भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए एवं अव्यवस्थित बनाई गई दीवार पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीओ पीआईयू रूपेश सोलंकी को व्यवस्थित कार्य काराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने परिसर में ग्रीनलॉन बनाकर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माणाधीन नवीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया।

# लीनेस देवास स्टार क्लब की आधिकारिक यात्रा



**देवास।** लीनेस देवास स्टार क्लब की आधिकारिक यात्रा गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जावरा से पधारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण, डिस्ट्रिक्ट सचिव कविता चौहान, रतलाम से डिस्ट्रिक्ट सचिव पुष्पा वासन एवं एरिया ऑफिसर संगीता गोयल की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पुष्प स्वागत से की गई। इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। क्लब अध्यक्ष सुषमा अरोड़ा ने सभा प्रारंभ की घोषणा करते हुए अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया। अतिथियों का माला पहनाकर एवं पौधे भेंट कर सम्मान किया गया। क्लब सचिव कुसुम अग्रवाल ने क्लब की सेवा गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष डिंपल शर्मा ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने अपने उद्बोधन में क्लब संचालन, सेवा प्रकल्पों एवं कार्यशैली पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान क्लब में 5 नए सदस्यों मंजू बाला जैन, पायल सक्सेना, अलका कनौजिया, गीता खत्री एवं किरण माधवानी को शामिल किया गया, जिन्हें शपथ दिलाई गई। क्लब द्वारा एक जरूरतमंद बिटिया के कन्यादान हेतु सामग्री प्रदान की गई, वहीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम आए दो बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में रेणु शर्मा ने मंच संचालन किया, मंजू बाला जैन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा गिरिजा माहेश्वरी ने ध्वज वंदना की। अभिलाषा शर्मा ने जीवन परिचय प्रस्तुत किया।

# शांति बाल निकेतन में ग्रीष्मकालीन शिविर

**देवास।** मोती बंगला स्थित शांति बाल निकेतन हायर सेकंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर 20 अप्रैल से 14 जून 26 तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं (छात्र आयु वर्ग 4 से 14 वर्ष तक एवं छात्राएं आयु 4 वर्ष से किसी भी आयु वर्ग तक) भाग ले सकेंगे। शिविर में विद्यार्थियों के लिए संगीत (गायन /वाद्ययंत्र) नृत्य (शास्त्रीय/ पाश्चात्य),चित्रकला, कला एवं शिल्प, योग / ऐरोबिकस, मेहंदी इत्यादि हेतु प्रशिक्षण की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था की गई है। उक्त शिविर में सभी विद्याओं का प्रशिक्षण निशुल्क रहेगा लेकिन विद्यार्थियों को मात्र रुपए 100 में अपना पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। संचालक राजेश गोयल ने बताया है कि शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों का संस्था की ओर से टीशर्ट निशुल्क प्रदान की जाएगी तथा शिविर समापन पर सभी प्रतिभागियों को जो भी शिविर में सीखा उसे प्रदर्शनी तथा मंच के माध्यम से प्रस्तुति का अवसर दिया जाएगा जिसमें उनके अभिभावकों एवं अतिथियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# बागली नगर परिषद ने सेवा बस्ती में मनाई अंबेडकर जयंती



**बागली।** 14 अप्रैल को पूरे देश में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की135वी जन्म जयंती मनाई गई बागली नगर में भी सेवा बस्ती में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव भाजपा जिला मंत्री शोभा गोस्वामी वरिष्ठ अभिभाषक एवं जिला संयोजक प्रवीण चौधरी मंडल उपाध्यक्ष माया चौधरी मंजू राजावतनगर परिषद सीएमओ प्रमोद बरुवा पार्षद अमित धूलिये तथा सेवानिवृत कर्मचारी रामचंद्र धूलिया की उपस्थिति में बैठकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पक्षियों को पीने के पानी के लिए सकोरे भी वितरित किए गए।

अंबेडकर जयंती पर उद्बोधन देते हुए प्रवीण चौधरी ने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है उसके पंचशील सिद्धांतों में शिक्षा पर्यावरण और सामाजिक समरसता शामिल है समाज के सभी वर्ग में जाकर खुशियां मनाना और समरसता के भाव से संस्कृति कार्यक्रमों में सहभागी बनना सच्ची मानव सेवा है भीमराव अंबेडकर भी यही सब कुछ सीख कर गए हैं इस अवसर भाजपा जिला मंत्री श्रीमती शोभा गोस्वामी ने बताया कि विलुप्त प्रजाति के पक्षियों को बचाना भी पर्यावरण संतुलन में शामिल है इसलिए पक्षियों को पीने के पानी के लिए स्कोरे का वितरण किया गया है सभी परिजन अपने-अपने घरों के सामने पशुओं को पीने के पानी की व्यवस्था भी करते रहे।

**एक नजर में** — पुलिस की मेहनत पर फेरा पानी,घटना में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार

# बहुचर्चित सवा करोड़ रुपए की चोरी के मामले में फरियादी ने आरोपियों से किया राजीनामा

**सोनकच्छ।** थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर के समीप स्थित एक रिसॉर्ट पर रोकी एक यात्री बस में यात्रा कर रहे यात्री के बैग में रखें सवा करोड रुपए अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। पीड़ित आशीष गुप्ता निवासी नौगांव जिला छतरपुर ने 25 अक्टूबर 25 को देवास एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि उन्होंने 16 अक्टूबर को दीपावली के मौके पर सोने चांदी की खरीदी के लिए उसके मुनीम नितेश कुमार को महाकाल बस से 1.25 करोड़ रुपए देकर इंदौर भेजा था। 17 अक्टूबर की सुबह करीब 5.30 बजे बस सोनकच्छ स्थित पप्पू एंड पप्पू रिसोर्ट पर रुकी। मुनीम नितेश रिसोर्ट पर नियमित क्रिया के लिए बस से उतरा और जब वापस लौटा तो पैसों से भरा बैग गायब था। घटना की गंभीरता को देखते हुए सोनकच्छ थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया था। पुलिस ने बस के अंदर और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें दो अज्ञात आरोपी बैग चुराते हुए दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान धार जिले के धरमपुरी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई। देवास और धार पुलिस ने संयुक्त दबिश दी और आरोपी नामदार पिता शहजाद खान उम्र 35 वर्ष निवासी खेरवा जागीर मनावर, जिला धार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की गई पूरी 1.25 करोड़ की रकम बरामद की है। जिसमें 500-500 रुपए के नोटों की कुल 250 गड्डियां हैं। पूछताछ में आरोपी नामदार ने उसके साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया था। आरोपी नामदार खान को कोर्ट में पेश किया था। आरोपी करीब 5 माह से जेल में बंद है, आरोपी का जमानत आवेदन सत्र न्यायालय ने निरस्त कर दिया था और प्रकरण गवाह शुरू कर दी थी गुरुवार को प्रथम श्रेणी न्यायालय सोनकच्छ में फरियादी आशीष गुप्ता और मनीष गुप्ता गवाही के लिए उपस्थित हुए थे तब न्यायालय एक नाटकीय मोड़ आया। जब गुप्ता बंधुओ ने गवाही देने के स्थान पर आरोपी से राजीनामा करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। न्यायालय में उपस्थित शासकीय अधिवक्ता भी आश्चर्यचकित हो गए कि, फरियादी गुप्ता ने उनके साथ हुई चोरी घटना आरोपी के द्वारा नहीं करना बताया। जबकि आरोपी नामदार से ही पुलिस ने सवा करोड रुपए जप्त किए थे तथा फरियादी आशीष ने न्यायालय के माध्यम से राशि सुपुर्दगी ली है। उसके बाद भी फरियादी द्वारा अपनी गवाही से मुकर जाना कई प्रश्नों को जन्म देता है। सूत्रों के मुताबिक फरियादी गुप्ता ने बंधुओं ने आरोपी के परिवार वालों से तगड़ी रकम लेकर प्रकरण में राजीनामा कर लिया और पुलिस के द्वारा की गई एक सार्थक मेहनत पर पानी फेर दिया गया। प्रश्न यह उठता है कि गुप्ता बंधुओ की जो रकम चोरी हुई थी वह ब्लैक मनी तो नहीं थी या फरियादी ने आरोपियों से किसी दबाव में राजीनामा कर लिया।